कक्षा 6 से 12 तक के सभी विडियोज देखने के लिए Click करें। Click Here



- भारतीय दर्शन में मोक्ष प्राप्ति के तीन मार्ग – ज्ञान, कर्म, भक्ति बताये गये हैं।
- वेदों में कर्म मार्ग पर बल दिया गया है।
- उपनिषदों में ज्ञान मार्ग पर बल दिया गया है।
- और मध्यकाल में भक्ति मार्ग पर बल दिया गया है।
- मध्य काल में अनेक ऐसे धार्मिक विचारक हुए जिन्होंने भक्ति को अधिक महत्व दिया एवं धर्म सुधार का एक नया आंदोलन प्रारम्भ किया जो भक्ति आंदोलन के नाम से विख्यात हुआ।
- आंदोलन का इतिहास महान धर्म सुधारक शंकराचार्य के समय से आरम्भ होता है जिन्होंने तत्कालीन बौद्ध धर्म को टक्कर देते हुए हिन्दु धर्म को एक ठोस व दार्शनिक आधार पर खड़ा किया।
- इन्होंने अद्वैत दर्शन की स्थापना की एवं मोक्ष के ज्ञान मार्ग पर अधिक बल दिया।
- इस धार्मिक विचारधारा के मुख्य प्रवर्तकों में रामानुज, रामानन्द व उनके शिष्य रैदास, कबीर आदि प्रमुख थे।
- भक्ति आंदोलन के महानतम सन्तों में चैतन्य, नामदेव, तुकाराम, कबीर, नानक थे।
- इन सुधारकों ने हिन्दु धर्म के बाह्यआडम्बरों, जाति–व्यवस्था तथा धार्मिक कट्टरता का विरोध किया एवं हिन्दु धर्म में सुधार का प्रयास किया।
- भक्ति आंदोलन व्यापक था और सम्पूर्ण देश में उसका प्रसार हुआ।
- बौध धर्म के पतन के बाद भारत में इतना व्यापक व लोकप्रिय अन्य कोई आंदोलन नहीं हुआ।
- इस आंदोलन का ठोस परिणाम यह हुआ कि प्रान्तीय भाषाओं के साहित्य का उत्कर्ष हुआ।
- इन संतों ने जन साधारण की भाषा में उपदेश दिये जिससे हिंदी, बंगाली, मराठी, मैथिल, तमिल, तेलगू आदि भाषाऐं समुन्नत हुई।

LET'S LEARN TOGETHER
Download Mission Gyan App

PDF का विडियो देखने के लिए Click करें – Click Here

कक्षा 6 से 12 तक के सभी विडियोज देखने के लिए Click करें। Click Here

- इसी कारण भक्ति आन्दोलन के काल को प्रान्तीय भाषाओं के विकास की दृष्टि से स्वर्णयुग कहा जा सकता है।
- भक्ति आन्दोलन का उदय दक्षिण भारत में हुआ।

1. अलवार संत :– ये विष्णु भक्त थे।

   कुल संख्या = 63

2. नयनार संत :– ये शिव भक्त थे।

   कुल संख्या = 12

- इसके बाद भक्ति आन्दोलन महाराष्ट्र में लोकप्रिय हुआ।
- महाराष्ट्र के प्रमुख संत :– ज्ञानदेव, नामदेव, एकनाथ, तुकाराम।
- उत्तर भारत में संत रामानन्द के द्वारा भक्ति आन्दोलन को लोकप्रिय बनाया गया।
- भक्ति आन्दोलन की दो धाराएँ थी–

1. निर्गुण भक्ति
2. सगुण भक्ति

- भक्ति आन्दोलन के समानान्तर इस्लाम धर्म में सूफी आन्दोलन चला।

LET'S LEARN TOGETHER

Download Mission Gyan App

भारत की सबसे बड़ी शिक्षा क्रांति

PDF का विडियो देखने के लिए Click करें – Click Here